23/06/2026

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी ईटानगर

संध्या – 07:45 बजे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं, जो तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में दिए जाते हैं। पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया, जबकि पूर्व न्यायाधीश के.टी. थॉमस को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में पद्म विभूषण प्रदान किया गया। पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और प्लेबेक सिंगर अलका याज्ञनिक को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस वर्ष केंद्र सरकार ने कुल एक सौ इक्तीस पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी।

0000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नागरिक देवो भव'पर जोर देते हुए अधिकारियों से शासन-प्रशासन के केंद्र में नागरिकों को रखने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा - IAS 2024 बैच के एक सौ तीरासी प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने युवा सिविल सेवकों से विकसित भारत-2047 की यात्रा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने उनसे राष्ट्र निर्माण के लिए उद्देश्य की स्पष्ट भावना, नवाचार और नागरिक-केंद्रित सुशासन के साथ समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाईक से मुलाकात की। बैठक के दौरान राज्यपाल ने राज्य में सुशासन को मजबूत करने और जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में प्रशासनिक सुधार आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आयोग

की सिफारिशें सरकारी कार्यप्रणाली में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा सार्थक सिविल सेवा सुधारों के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित होनी चाहिए। राज्यपाल ने उत्कृष्टता, पेशेवर दक्षता और ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए योग्यता-आधारित प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली अपनाने की भी वकालत की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे द्वारा नाहरलागुन स्थित तोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (TRIHMS) में राज्य टेली-रेडियोलॉजी हब, रेडियोलॉजी इन्फॉर्मेशन सिस्टम (RIS) तथा पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम (PACS) का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत लागू की गई इस पहल का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट से जोड़ते हुए राज्यव्यापी डिजिटल रेडियोलॉजी नेटवर्क स्थापित करना है। नई व्यवस्था के तहत दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में तैयार किए गए एक्स-रे, सीटी स्कैन तथा अन्य रेडियोलॉजिकल चित्रों को सुरक्षित रूप से ऑनलाइन विशेषज्ञों के पास व्याख्या और रिपोर्टिंग के लिए भेजते हुए रोगों के निदान में होने वाली देरी को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

0000000000000000000000000

नाहरलगन पुलिस द्वारा चौंतीस धशमलव तीन तीन करोड़ रुपये के कथित निवेश धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस मामले में फर्जी सरकारी दस्तावेजों का इस्तेमाल, सरकारी अधिकारियों का प्रतिरूपण तथा उच्च स्तर के राजनीतिक और ब्युरोक्रेट्स संपर्कों के झूठे दावे किए गए थे। आरोपी की पहचान असम के गुवाहाटी निवासी इक्तालीस वर्षीय ऋषिराज बोरकोतोकी के रूप में हुई है, जिसे गत बीस जून को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच मोबाइल फोन और लगभग एक दशमलव पांच करोड़ रुपये मूल्य का एक लग्जरी वाहन भी जब्त किया। नाहरलगन पुलिस अधीक्षक डॉ. न्येलाम न्येगा ने कहा कि राजेश अग्रवाल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर बांदरदेवा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी स्वीकृतियों या सरकारी संरक्षण से जुड़े किसी भी दावे की संबंधित अधिकारियों से पुष्टि अवश्य करें और केवल सोशल मीडिया या डिजिटल संचार पर भरोसा न करें। उन्होंने लोगों से संदिग्ध निवेश प्रस्तावों या किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी संबंधी गतिविधियों की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाने को देने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के पांच ज़िलों तवाङ, कुरुङ कुमे, अपर सुबनसिरी, शी-योमी और सियाङ को छोड़ अन्य सभी ज़िलों के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलों अलेर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति की दूसरी बैठक आज तवांग उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त नामग्याल आङमो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विकास परियोजनाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की व्यापक समीक्षा की करते हुए, जनहित में इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में विभागों के बीच बेहतर समन्वय, परियोजनाओं की प्रभावी निगरानी तथा परिणामोन्मुखी कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया गया, ताकि विकासात्मक पहल का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

0000000000000000000000000